# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024

## इंटरमीडिएट परीक्षा – 2024

## ANNUAL (वार्षिक)

**Model Set**

**Subject Code :- 220**

**I.Com.**

**Accountancy (Elective)**

**लेखाशास्त्र (ऐच्छिक)**

पूर्णांक – 100

**Full Marks -100**

समयः– 3 घंटे 15 मिनट

Time:- 3 hours 15 minute

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 30 + 8 = 138

Total No. of questions : 100 + 30 + 8 = 138

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

   Candidate must enter his/her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

15 minutes of extra time has been allotted for the candidates to read the questions carefully.

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**

This Question Booklet is divided into two sections: **Section-A** and **Section-B**.

6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को नीले/काले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

In **Section-A**, There are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. First 50 answers will be evaluated in case more than 50 questions are answered. Each Question carries 1 mark. For answering these darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on OMR Answer Sheet provided to you. Do not use Whitener/liquid/blade/nail etc. on OMR-Sheet, otherwise the result will be treated invalid.

7. खण्ड–ब में 30 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त, इस खण्ड



BiharboardQuestionpaper.com

में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना है।

In **Section-B,** there are 30 Short answer type questions. Each question carries 2 marks, out of which any 15 questions are to be answered. Apart from these, there are 8 Long Answer type questions, each question carries 5 marks, out of which any 4 questions are to be answered.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliance is strictly prohibited.

## Section – A (Objective Type Questions)

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर दें। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–शीट पर चिन्हित करें। 50 x 1=50

Question No.- 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. Answer any 50 questions. You have to mark your selected option on the OMR-Sheet. 50 x 1 = 50

1. पुरस्कार कोष से संबंधित आय एवं व्यय को दिखाया जाता है :–

(A) आय–व्यय खाते में (B) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में

(C) चिट्ठे के दायित्व पक्ष में (D) रोकड़ खाता में

Income and expences related to the prize fund is shown in :-

(A) Income and expenditure A/C



BiharboardQuestionpaper.com

(B) Asset side of the Balance-sheet

(C) Liability side of the Balance-sheet

(D) Cash Account

2. आय–व्यय खाते में लेन–देन दर्ज किए जाते हैं :–

(A) पूँजीगत प्रकृति के (B) आयगत प्रकृति के

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Income and Expenditure Account records transaction of :-

(A) Capital Nature (B) Revenue Nature

(C) (A) and (B) both (D) None of these

3. निम्न में से कौन आय नहीं है ?

(A) चन्दा (B) दान

(C) टिकट की बिक्री (D) एण्डोमेंट निधि

Which of the following is not an Income ?

(A) Subscription (B) Donation

(C) Sale of ticket (D) Endowment Fund

4. लाभ न कमाने वाली संस्थाओं में व्यय की आय पर अधिकता को कहा जाता है :–

(A) हानि (B) लाभ

(C) कमी (D) अधिशेष

In the "not-for-profit organisation", excess of expenditure over income is called : -

(A) Loss (B) Profit

(C) Deficit (D) Surplus



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्न में से कौन लाभ न कमाने वाली संस्था नहीं है ?

(A) महाविद्यालय (B) खेलकूद क्लब

(C) मारूति उद्योग (D) अस्पताल

Which of the following is not a not for profit organization ?

(A) College (B) Sports Club

(C) Maruti Udyog (D) Hospital

6. आयगत प्रकृति की सभी मदें दिखायी जाती है :–

(A) आय व्यय खाता में (B) स्थिति विवरण में

(C) (A) एवं (B) दोनों में (D) इनमें से कोई नहीं

All items of Revenue nature are shown in :-

(A) Income & Expenditure A/C (B) Balance-sheet

(C) (A) and (B) both (D) None of these

7. एक क्लब द्वारा प्राप्त अग्रिम चन्दे को चिट्ठे के किस पक्ष में दिखाया जाता है ?

(A) सम्पति पक्ष (B) दायित्व पक्ष

(C) डेबिट पक्ष (D) क्रेडिट पक्ष

Subscriptions received in advance by a club are shown on which side of the Balance-sheet ?

(A) Assets Side (B) Liabilities Side

(C) Debit Side (D) Credit Side

8. आय एवं व्यय खाता का शेष दर्शाता है :–

(A) हस्तस्थ रोकड़ (B) पूँजी कोष

(C) शुद्ध आय (D) अधिशेष/कमी



BiharboardQuestionpaper.com

Balance of Income and Expenditure Account shows : -

(A) Cash in hand (B) Capital fund

(C) Net-profit (D) Surplus/Deficit

9. आय–व्यय खाता बनाया जाता है :–

(A) व्यावसायिक संस्था द्वारा (B) व्यापारिक संस्था द्वारा

(C) लाभ न कमाने वाली संस्था द्वारा (D) इनमें से कोई नहीं

Income and Expenditure Account is prepared by -

(A) Business organisation (B) Trading organisation

(C) Not-for-profit organisation (D) None of these

10. पूँजीगत प्रकृति की सभी प्राप्तियाँ दिखाई जाती है :–

(A) आय–व्यय खाता में (B) स्थिति विवरण में

(C) लाभ–हानि खाता में (D) इनमें से कोई नहीं

All Receipts of Capital nature are shown in :-

(A) Income & Expenditure A/C (B) Balance-Sheet

(C) Profit and Loss A/C (D) None of these

11. एक संस्था द्वारा प्राप्त चन्दा है :–

(A) पूँजीगत प्राप्ति (B) आयगत प्राप्ति

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Donation received by an organisation is :

(A) Capital Receipt (B) Revenue Receipt

(C) (A) and (B) both (D) None of these

12. एक क्लब द्वारा प्राप्त आजीवन सदस्यता शुल्क है :–



BiharboardQuestionpaper.com

(A) आयगत प्राप्ति (B) पूँजीगत प्राप्ति

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Life membership fees received by a club is :-

(A) Revenue Receipt (B) Capital Receipt

(C) (A) and (B) both (D) None of these

13. गैर–व्यापारिक संस्थाओं में देयताओं पर परिसम्पति के आधिक्य को कहते हैं :–

(A) पूँजी निधि (B) पूँजी

(C) लाभ (D) शुद्ध लाभ

The excess of Assets over Liabilities in non-trading concerns is termed as :-

(A) Capital Fund (B) Capital

(C) Profit (D) Net proft

14. इनमें से कौन साझेदारी की विशेषता नहीं है ?

(A) समझौता (B) लाभ विभाजन

(C) सीमित दायित्व (D) दो या दो से अधिक व्यक्ति

Which one is not the feature of partnership ?

(A) Agreement (B) Sharing of profit

(C) Limited Liability (D) Two or more than two persons

15. किसी समझौते के अभाव में साझेदारी फर्म के लाभ एवं हानि का विभाजन किया जाता है:–

(A) बराबर–बराबर (B) पूँजी के अनुपात में

(C) विभिन्न अनुपात में (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

In the absence of any agreement, the profits and losses of the Partnership firm are divided :-

(A) Equally (B) In Capital Ratio

(C) In different proportions (D) None of these

16. लाभ–हानि नियोजन खाता बनाया जाता है :–

(A) संचय कोष बनाने के लिये (B) शुद्ध लाभ निकालने के लिये

(C) विभाज्य लाभ निर्धारण के लिये (D) इनमें से कोई नहीं

Profit and Loss Appropriation Account is prepared to :-

(A) Create Reserve Fund (B) Find out Net Profit

(C) Find out divisible profit (D) None of these

17. साझेदारों के द्वारा फर्म को दिए गये अग्रिम पर ब्याज है :–

(A) विनियोजन (B) लाभ

(C) प्रभार (D) इनमें से कोई नहीं

Interest on advance given to the firm by partners is :-

(A) An appropriation (B) Gain

(C) Charge (D) None of these

18. चालू खाता है :–

(A) व्यक्तिगत खाता (B) वास्तविक खाता

(C) नाममात्र खाता (D) इनमें से कोई नहीं

Current Account is :-

(A) Personal A/C (B) Real A/C

(C) Nominal A/C (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

19. साझेदारों का चालू खाता बनाया जाता है जब साझेदार की पूँजी रखी जाती है :–

(A) परिवर्त्तनशील आधार पर (B) स्थायी आधार पर

(C) दोनों ही परिस्थितियों में (D) इनमें से कोई नहीं

Partners current account is prepared when capital of partners is maintained under :-

(A) Fluctuating basis (B) Fixed basis

(C) In both of the situations (D) None of these

20. साझेदारी समझौते के अभाव में साझेदारों को पूँजी पर ब्याज दिया जायेगा :–

(A) 8 प्रतिशत वार्षिक (B) 6 प्रतिशत वार्षिक

(C) 9 प्रतिशत वार्षिक (D) इनमें से कोई नहीं

In the absence of partnership deed, interest on capital will be given to the partners at :-

(A) 8 % p.a. (B) 6 % p.a.

(C) 9 % p.a. (D) None of these

21. एक सामान्य साझेदारी में साझेदारों की अधिकतम संख्या हो सकती है –

(A) 50 (B) 10

(C) 15 (D) 20

In an ordinary partnership, maximum number of partners can be :-

(A) 50 (B) 10

(C) 15 (D) 20

22. निम्न में से कौन–सा लाभ का नियोजन है ?

(A) ऋण पर ब्याज (B) पूँजी पर ब्याज



BiharboardQuestionpaper.com

(C) बेतन (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is an appropriation of profit ?

(A) Interest on loan (B) Interest on capital

(C) Salary (D) None of these

23. साझेदार की पूँजी पर ब्याज की गणना होती है :–

(A) प्रारंभिक पूँजी पर (B) अन्तिम पूँजी पर

(C) औसत पूँजी पर (D) इनमें से कोई नहीं

Interest on partner's capital is calculated on :-

(A) Opening capital (B) Closing capital

(C) Average capital (D) None of these

24. साझेदारी फर्म में लाभ–हानि का विभाजन किया जाता है :–

(A) बराबर–बराबर (B) पूँजी के अनुपात में

(C) समझौते के अनुसार (D) इनमें से कोई नहीं

In partnership firm, profit and loss are shared :-

(A) Equally (B) In the ratio of capital

(C) As per agreement (D) None of these

25. ख्याति एक सम्पति है :–

(A) व्यर्थ (B) मूर्त

(C) मूल्य रहित (D) अमूर्त

Goodwill is an asset :-

(A) Useless (B) Tangible

(C) Worthless (D) Intangible



BiharboardQuestionpaper.com

26. साझेदारी अनुबन्ध में परिवर्तन का परिणाम है :–

(A) फर्म का पुनर्गठन (B) फर्म का समापन

(C) फर्म का एकीकरण (D) इनमें से कोई नहीं

Change in the partnership agreement results in :-

(A) Reconstitution of firm (B) Dissolution of firm

(C) Amalgamation of firm (D) None of these

27. वर्त्तमान साझेदारों के लाभ–विभाजन अनुपात में परिवर्त्तन से होता है :–

(A) फर्म का पुनर्मूल्यांकन (B) फर्म का पुनर्गठन

(C) फर्म का समापन (D) इनमें से कोई नहीं

Change in profit sharing ratio of existing partners results in :-

(A) Revaluation of firm (B) Reconstitution of firm

(C) Dissolution of firm (D) None of these

28. पुनर्मूल्यांकन खाते का शेष पुराने साझेदारों के पूँजी खातों में हस्तांतरित किया जाता है:–

(A) पुराने लाभ–हानि अनुपात में (B) नये लाभ–हानि अनुपात में

(C) समान अनुपात में (D) इनमें से कोई नहीं

The balance of Revaluation Account is transferred to old partner's Capital Account in their :-

(A) Old Profit-Loss Ratio (B) New Profit-Loss Ratio

(C) Equal Ratio (D) None of these

29. नये साझेदार के द्वारा ख्याति की राशि दी जाती है :–

(A) पूँजी के भुगतान के लिये (B)लाभ में हिस्सा पाने के लिये

(C) सम्पत्तियाँ क्रय करने के लिये (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

The amount of goodwill is paid by new partner :-

(A) For Payment of Capital
(B) For Sharing the Profit
(C) For Purchase of assets
(D) None of these

30. नये साझेदार द्वारा ख्याति की राशि नकद लाने पर पुराने साझेदारों द्वारा बाँटी जाती है:–

(A) त्याग अनुपात में
(B) पुराने अनुपात में
(C) नये अनुपात में
(D) बराबर अनुपात में

Share of goodwill brought by new partner in cash is shared by old partners in :-

(A) Sacrificing Ratio
(B) Old Ratio
(C) New Ratio
(D) Equally

31. निम्न में कौन–सी सम्पत्ति एक नये साझेदार के प्रवेश के समय पर अनिवार्यतः पुनः मूल्यांकित किया जाता है ?

(A) रहतिया
(B) स्थायी सम्पत्तियाँ
(C) निवेश
(D) ख्याति

Which of the following assets is compulsorily revalued at the time of admission of a new partner ?

(A) Stock
(B) Fixed assets
(C) Investment
(D) Goodwill

32. साझेदार के पूँजी खाते को क्रेडिट किया जाता है :–

(A) पूँजी पर ब्याज से
(B) आहरण पर ब्याज से
(C) आहरण से
(D) हानि में हिस्सा से



BiharboardQuestionpaper.com

The partners Capital Account is credited with :-

(A) Interest on capital (B) Interest on drawings

(C) Drawings (D) Share in Loss

33. सम्पत्तियों एवं दायित्वों को उनके पुनः मूल्यांकित मूल्य पर दिखाया जाता है :–

(A) नये आर्थिक चिट्ठे में (B) पुनर्मूल्यांकन खाते में

(C) सभी साझेदारों के पूँजी खातों में (D) वसूली खाते में।

Assets and Liabilities are shown at their revalued value in :-

(A) New Balance Sheet (B) Revaluation A/C

(C) All partners capital A/C (D) Realisation A/C

34. नये साझेदार द्वारा ख्याति के लिये लायी गई नकद राशि वर्त्तमान साझेदारों द्वारा किस अनुपात में बाँटी जाती है ?

(A) लाभ–विभाज्य अनुपात (B) पूँजी अनुपात

(C) त्याग के अनुपात में (D) इनमें से कोई नहीं

In which ratio, the cash brought in for goodwill by the new partner is shared by existing partners ?

(A) Profit Sharing ratio (B) Capital ratio

(C) Sacrificing ratio (D) None of these

35. पुनर्मूल्यांकन खाता के समान होता है :–

(A) लाभ–हानि समायोजन खाता (B) लाभ–हानि खाता

(C) (A) और (B) दोनों (D) वसूली खाता

Revaluation Account is like a :

(A) Profit-Loss Adjustment Account



BiharboardQuestionpaper.com

(B) Profit-Loss Account

(C) (A) and (B) both

(D) Realisation Account

36. दायित्वों में कमी है :–

(A) दायित्व (B) हानि

(C) व्यय (D) लाभ

Decrease in the Liabilities is :-

(A) Liability (B) Loss

(C) Expense (D) Profit

37. किसी नये साझेदार के प्रवेश पर, परिसम्पत्तियों में हुई मूल्य की वृद्धि को किस खाते में डेबिट किया जायेगा ?

(A) पुनर्मूल्यांकन खाता (B) सम्पत्ति खाता

(C) पुराने साझेदारों का खाता (D) इनमें से कोई नहीं

On the admission of a new partner, increase in the value of assets is debited to which account ?

(A) Revaluation Account (B) Assets Account

(C) Old partner's capital Account (D) None of these

38. लाभ–प्राप्ति अनुपात है :–

(A) नया अनुपात – त्याग अनुपात (B) पुराना अनुपात – त्याग अनुपात

(C) नया अनुपात – पुराना अनुपात (D) पुराना अनुपात – नया अनुपात

Gaining ratio is :-

(A) New Ratio – Sacrifice Ratio (B) Old Ratio – Sacrifice Ratio



BiharboardQuestionpaper.com

(C) New Ratio – Old Ratio (D) Old Ratio – New Ratio

39. जे0 एल0 पी0 प्रीमियम को व्यापारिक व्यय मानने पर, इसे लिखा जाता है :–

(A) लाभ–हानि खाता में (B) आर्थिक चिट्ठा में

(C) (A) एवं (B) दोनों में (D) इनमें से कोई नहीं

If J. L. P. premium is treated as business expenses, it appears in :-

(A) Profit and Loss Account (B) Balance Sheet

(C) (A) and (B) both (D) None of these

40. एक साझेदार की मृत्यु होने पर सभी साझेदारों के लिये की गई संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी के लिये फर्म बीमा कम्पनी से पाती है :–

(A) पॉलिसी राशि (B) समर्पण मूल्य

(C) मृत साझेदार की पॉलिसी राशि (D) सभी साझेदारों का समर्पण मूल्य

On the death of a partner, the firm gets for joint life taken for all partners :-

(A) Policy amount

(B) Surrender value

(C) Policy amount of deceased partner

(D) Surrender values of all partners

41. फर्म द्वारा–प्राप्त संयुक्त बीमा पॉलिसी की राशि बाँटी जाती है :–

(A) प्रारंभिक पूँजी अनुपात में

(B) अन्तिम पूँजी अनुपात में

(C) साझेदारों के पुराने लाभ–विभाजन अनुपात में

(D) साझेदारों के नये अनुपात में



BiharboardQuestionpaper.com

Joint Life Policy amount received by a firm is distributed in :-

(A) Opening Capital Ratio

(B) Closing Capital Ratio

(C) Old Profit Sharing Ratio of partners

(D) New Profit Sharing Ratio of Partners

42. किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उसको देय पूरी राशि किसके खाते में हस्तांतरित की जायेगी ?

(A) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में (B) शेष साझेदार के पूँजी खाते में

(C) उसके उत्तराधिकारी के खाते में (D) सरकार के खाते में

In case of death of a partner, the whole amount transferred to :-

(A) Capital Accounts of all partners

(B) Capital Account of remaining partners

(C) His Successor's Account

(D) Account of the Government

43. किसी साझेदार की मृत्यु पर सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन के लाभ को किसके पूँजी खाते में जमा किया जाता है ?

(A) मृतक साझेदार के (B) सभी साझेदार के

(C) बाँकी साझेदार के (D) मात्र दो साझेदार के

On the death of a partner, the profit on revaluation is transferred to whose capital account ?

(A) Deceased partner (B) All partners

(C) Remaining partner (D) Only two partners



BiharboardQuestionpaper.com

44. फर्म के बिघटन पर साझेदारों के पूँजी खाते बन्द किये जाते हैं :–

(A) बसूली खाते के माध्यम से (B) आहरण खाते के माध्यम से

(C) बैंक खाते के माध्यम से (D) ऋण खाते के माध्यम से

On dissolution of the firm, partners Capital Accounts are closed through :-

(A) Realisation Account (B) Drawing Account

(C) Bank Account (D) Loan Account

45. साझेदारों द्वारा फर्म का ऐच्छिक समापन किया जा सकता है :–

(A) बहुमत के आधार पर (B) 3/4 सदस्यों के निर्णय पर

(C) 1/2 सदस्यों के निर्णय पर (D) इनमें से कोई नहीं

A firm can be voluntarily dissolved by the partners :-

(A) On majority basis (B) On ¾ members decision

(C) On ½ members decision (D) None of these

46. जब गैर–अभिलेखित दायित्वों का भुगतान किया जाता है तो दर्शायेगें :–

(A) बसूली खाते के नाम पक्ष में (B) बैंक खाते के नाम पक्ष में

(C) बसूली खाते के जमा पक्ष में (D) बैंक खाते के जमा पक्ष में

Unrecorded Liabilities when paid are shown in :-

(A) Debit side of Realisation Account

(B) Debit side of Bank Account

(C) Credit side of Realisation Account

(D) Credit side of Bank Account

47. जब गैर–अभिलेखित परिसम्पत्ति साझेदार द्वारा ली जाती है तो उसे दर्शायेगे :–



BiharboardQuestionpaper.com

(A) वसूली खाते के नाम पक्ष (B) बैंक खाते के नाम पक्ष

(C) वसूली खाते के जमा पक्ष (D) बैंक खाते के जमा पक्ष

Unrecorded assets when taken over by a partner are shown in :-

(A) Debit side of Realisation A/C (B) Debit side of Bank A/C

(C) Credit side of Realisation A/C (D) Credit side of Bank Account

48. फर्म के समापन की दशा में सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि से सर्वप्रथम भुगतान किया जायेगा :–

(A) साझेदारों की पूँजी का

(B) साझेदारों द्वारा फर्म को दिए गए ऋण का

(C) साझेदार की अतिरिक्त पूँजी का

(D) बाहरी लेनदारों का

On dissolution of a firm, out of the proceeds received from the sale of the assets will be paid first of all to :-

(A) Partners Capitals (B) Partners loan to firm

(C) Partners additional capital (D) Outside creditors

49. न्यायालय द्वारा एक साझेदार का दिवालिया घोषित किया जाना फर्म के किस प्रकार के समापन के अन्तर्गत आयेगा ?

(A) न्यायालय द्वारा समापन (B) अनिवार्य समापन

(C) किसी घटना के घटने की स्थिति में (D) इनमें से कोई नहीं

Insolvency of a partner adjudicated by the court will come under which type of dissolution of firm ?

(A) Dissolution by court



BiharboardQuestionpaper.com

(B) Compulsory dissolution

(C) On happening of certain contingencies

(D) None fo these

50. समापन की दशा में भी यदि कोई साझेदार फर्म का कोई दायित्व ग्रहण करता है तो डेबिट किया जाने वाला खाता है :–

(A) लाभ–हानि खाता (B) वसूली खाता

(C) साझेदार का पूँजी खाता (D) रोकड़ खाता

On dissolution, if a partner undertakes to make a payment of a Liability of the firm, the amount to be debited is :-

(A) Profit & Loss A/C (B) Realisation A/C

(C) Partners Capital A/C (D) Cash Account

51. समापन की दशा में जब कोई साझेदार कोई सम्पत्ति लेता है तो किस खाता को डेबिट किया जाता है ?

(A) वसूली खाते को (B) साझेदार के पूँजी खाते को

(C) रोकड़ खाते को (D) सम्पत्ति खाते को

On dissolution, when a partner takes over an asset, which account is debited ?

(A) Realisation Account (B) Partners Capital Account

(C) Cash Account (D) Asset Account

52. दायित्व जो चिट्ठा में प्रदर्शित न हो किन्तु फर्म के समापन के समय चुकाया जाता है, कहलाता है :–

(A) अदत्त व्यय (B) देय विपत्र



BiharboardQuestionpaper.com

(C) अलिखित दायित्व (D) पूर्वदत्त व्यय

Liability not appearing in the balance-sheet but paid at the time of dissolution of firm is called -

(A) Outstanding Expenses (B) Bills Payable

(C) Unrecorded Liability (D) Prepaid Expenses

53. एक कम्पनी अपने अंशों को प्रीमियम पर भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 के किस धारा के अन्तर्गत जारी करती है ?

(A) 78 (B) 79

(C) 52 (D) 53

A company issues its shares at premium under which section of Indian Companies Act, 2013 ?

(A) 78 (B) 79

(C) 52 (D) 53

54. जब प्रवर्त्तक को अंश निर्गमित किये जाते हैं तो किस खाते को डेबिट किया जायेगा ?

(A) अंश पूँजी खाता (B) सम्पत्ति खाता

(C) प्रवर्तक खाता (D) ख्याति खाता

Which account should be debited when shares are issued to promoters?

(A) Share Capital A/C (B) Asset A/C

(C) Promotor's A/C (D) Goodwill A/C

55. कम्पनी के दायित्वों में जोड़े जाने वाली पूँजी कहलाती है –

(A) अधिकृत पूँजी (B) निर्गमित पूँजी



BiharboardQuestionpaper.com

(C) अभिदत्त पूँजी (D) चुकता पूँजी

Capital included in the Liabilities of a company is called :-

(A) Authorised Capital (B) Issued Capital

(C) Subscribed Capital (D) Paid-up Capital

56. प्रतिभूति प्रीमियम को आर्थिक चिट्ठे में किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है ?

(A) संचय तथा आधिक्य (B) विविध व्यय

(C) चालू दायित्व (D) अंश पूँजी

Security Premium is shown under which head in the Balance-Sheet ?

(A) Reserve & Surplus (B) Miscellaneous Expenditure

(C) Current Liabilites (D) Share Capital

57. जब किसी याचना पर राशि देय हो परन्तु यह प्राप्त नहीं होती है तो कमी को डेबिट किया जाता है :–

(A) अग्रिम याचना (B) बकाया याचना

(C) अंश पूँजी (D) उचन्ती खाता

When amount is due on any call but it is not received, then the short fall is debited to :-

(A) Calls-in-advance (B) Calls-in-arrear

(C) Share Capital (D) Suspense Account

58. निम्न में से किसे प्रदत्त पूँजी ज्ञात करने के लिये याचित पूँजी से घटाया जाना चाहिएः–

(A) अग्रिम याचना (B) बकाया माँग

(C) अंश हरण (D) अंशों के निर्गमन पर बट्टा



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following should be deducted from the called-up capital to find out paid-up capital ?

(A) Calls in advance (B) Calls in arrear

(C) Share forfeiture (D) Discount on issue of shares

59. अधिकार अंश निर्गमित किये जाते हैं :–

(A) प्रवर्तकों को सेवाओं के लिये (B) परिवर्तनीय ऋणपत्रों के धारकों को

(C) विद्यमान अंशधारियों को (D) उपरोक्त सभी

Right Shares are issued to :-

(A) Promoters for the services

(B) Holders of Convertible debentures

(C) Existing Shareholders

(D) All of the above

60. एक नई कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन नहीं कर सकती है :–

(A) कटौती पर (B) प्रीमियम पर

(C) सम–मूल्य पर (D) अंकित मूल्य पर

A New Company can not issue its shares :-

(A) At discount (B) At Premium

(C) At par (D) At Face value

61. एक कम्पनी का होता है :–

(A) पृथक वैधानिक अस्तित्व (B) स्थायी जीवन

(C) सीमित दायित्व (D) उपरोक्त सभी

A company has :-



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Separate Legal entity (B) Perpetual Existence

(C) Limited Liability (D) All of the above

62. हरण किये गये अंशों के पुनः निर्गमन पर दी गई छूट को डेबिट किया जाता है :–

(A) अंश पूँजी खाते में (B) अंश हरण खाते में

(C) लाभ–हानि खाते में (D) सामान्य संचय खाते में

Discount allowed on re-issue of forfeited shares is debited to :-

(A) Share capital A/C (B) Share Forfeiture A/C

(C) Profit & Loss A/C (D) General Reserve A/C

63. अंशों का निर्गमन किया जा सकता है :–

(A) सममूल्य पर (B) बट्‌टे पर

(C) प्रीमियम पर (D) इनमें से सभी

Shares may be issued :-

(A) At par (B) At discount

(C) At premium (D) All of these

64. जब अंशों को जब्त किया जाता है तो अंश पूँजी खाता को डेबिट किया जाता है :–

(A) अंशों के अंकित मूल्य से (B) अंशों के बाजार मूल्य से

(C) अंशों के याचित मूल्य से (D) अंशों के प्रदत्त मूल्य से

When Shares are forfeited, the Share Capital account is debited with :-

(A) Nominal value of shares (B) Market value of shares

(C) Called-up value of shares (D) Paid-up value of shares

65. कम्पनी में निश्चित दर से लाभांश किसको दिया जाता है ?

(A) समता अंशधारियों को (B) पूर्वाधिकार अंशधारियों को



BiharboardQuestionpaper.com

(C) ऋणपत्रधारियों को (D) प्रवर्त्तकों को

To whom dividend is given at a fixed rate in a company ?

(A) To equity shareholders (B) To preference shareholders

(C) To debentureholders (D) To promoters

66. एक सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या होती है :–

(A) 7 (B) 200

(C) 20 (D) कोई सीमा नहीं

Maximum number of members in a public company is :-

(A) 7 (B) 200

(C) 20 (D) No limit

67. अंशों का समानुपात आधार पर आवंटन किया जाता है जब –

(A) अल्प–अभिदान हो (B) अति–अभिदान हो

(C) सम–अभिदान हो (D) उपरोक्त सभी

Pro-rata allotment of shares is made when there is :-

(A) Under-Subscription (B) Over-Subscription

(C) Equal-Subscription (D) All of the above

68. ऋणपत्रों पर ब्याज की दर होती है :–

(A) 12प्रतिशत प्रतिवर्ष (B) 20 प्रतिशत प्रतिवर्ष

(C) निश्चित दर (D) 15 प्रतिशत प्रतिवर्ष

Rate of Interest on debenture is :-

(A) 12% p.a. (B) 20 % p.a.

(C) Fixed rate (D) 15 % p.a.



BiharboardQuestionpaper.com

69. ऋणपत्रों के निर्गमन पर कटौती है :–

(A) स्थायी सम्पति (B) चालू सम्पति

(C) वास्तविक सम्पति (D) कृत्रिम सम्पति

Discount on issue of debentures is :-

(A) Fixed Asset (B) Current Asset

(C) Real Asset (D) Fictitious Asset

70. कम्पनी के लिये अधिमूल्य पर ऋणपत्रों का निर्गमन है :–

(A) आयगत प्राप्ति (B) लाभ

(C) पूँजीगत लाभ (D) सम्पति

For a company, premium on issue of debenture is :-

(A) Revenue Receipt (B) Profit

(C) Capital Profit (D) Asset

71. ऋणपत्रों के निर्गमन पर दिया जाने वाले बट्टा किस प्रकृति का होता है ?

(A) आयगत हानि (B) पूँजीगत हानि

(C) स्थगित आयगत ब्यय (D) इनमें से कोई नहीं

What is the nature of discount on issue of debentures ?

(A) Revenue Loss (B) Capital Loss

(C) Deferred Revenue expense (D) None of these

72. एक कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में ऋणपत्रों को किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है ?

(A) असुरक्षित ऋण (B) दीर्घकालीन ऋण

(C) चालू दायित्व (D) संचय एवं अधिशेष



BiharboardQuestionpaper.com

In the Balance Sheet of a company, Debentures are shown under which head ?

(A) Unsecured Loan (B) Long term loan

(C) Current Liability (D) Reserve and Surplus

73. ऋणपत्र जो कि मात्र सुपुर्द कर देने पर हस्तांतरित हो जाते है, कहे जाते हैं :–

(A) पंजीकृत ऋणपत्र (B) प्रथम ऋणपत्र

(C) वाहक ऋणपत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Debentures which are transferred by mere delivery are called

(A) Registered Debentures (B) First Debentures

(C) Bearer Debentures (D) None of these

74. ऋणपत्र का प्रतिफल है :–

(A) लाभ (B) लाभांश

(C) ब्याज (D) इनमें से कोई नहीं

Consideration of debenture is :-

(A) Profit (B) Dividend

(C) Interest (D) None of these

75. ऋणपत्र भाग होता है :–

(A) अंश पूँजी का (B) दीर्घकालीन उधार का

(C) स्वामित्व पूँजी का (D) इनमें से कोई नहीं

Debenture is the part of :

(A) Share Capital (B) Long term Borrowing

(C) Owned Capital (D) None of these



BiharboardQuestionpaper.com

76. ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम खाता है :–

(A) वास्तविक खाता (B) अवास्तविक खाता

(C) व्यक्तिगत खाता (D) इनमें कोई नहीं

Premium on Redemption of debenture account is :-

(A) Real A/C (B) Nominal A/C

(C) Personal A/C (D) None of these

77. ऋणपत्रों पर कटौती के शेष को आर्थिक चिट्ठे में दिखाया जाता है :–

(A) सम्पति पक्ष में (B) दायित्व पक्ष में

(C) फुट नोट में (D) इनमें से कोई नहीं

The balance of discount on debentures is shown in the Balance-Sheet on :-

(A) Assets Side (B) Liabilities Side

(C) Foot Notes (D) None of these

78. ऋणपत्रों का शोधन नहीं किया जा सकता है :–

(A) सम पर (B) प्रीमियम पर

(C) बट्टा पर (D) इनमें से कोई नहीं

Debentrues can not be redeemed at :-

(A) Par (B) Premium

(C) Discount (D) None of these

79. खुले बाजार में क्रय किये गये ऋणपत्रों को यदि तुरन्त रद्द नहीं किया जाता है, तो इसे माना जाता है :–

(A) चालू सम्पति (B) चालू दायित्व



BiharboardQuestionpaper.com

(C) निवेश (D) पूँजी

If debentures purchased in open market are not immediately cancelled then they are treated as :-

(A) Current Assets (B) Current Liabilities

(C) Investment (D) Capital

80. सिंकिंग फण्ड विनियोग खाता हमेशा दिखाता है :–

(A) नाम शेष (B) जमा शेष

(C) दायित्व (D) इनमें कोई नहीं

Sinking Fund Investment Account always shows :-

(A) Debit Balance (B) Credit Balance

(C) Liability (D) None of these

81. सिंकिंग फण्ड निवेश पर ब्याज को क्रेडिट किया जाता है :–

(A) लाभ–हानि विवरण में (B) सिंकिंग फण्ड खाता में

(C) सामान्य संचय में (D) सिंकिंग फण्ड निवेश खाता में

Interest on Sinking fund Investement is credited to :-

(A) Profit & Loss statement (B) Sinking fund A/C

(C) General Reserve (D) Sinking fund Investment A/C

82. शोधन कोष विनियोग खाता है :–

(A) आय (B) व्यय

(C) सम्पति (D) दायित्व

Sinking Fund Investement Account is a/an :-

(A) Income (B) Expense



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Asset (D) Liability

83. वित्तीय विवरण होते हैं :–

(A) प्रत्याशित तथ्य (B) अभिलिखित तथ्य

(C) अनुमानित तथ्य (D) इनमें से कोई नहीं

Financial Satement are :-

(A) Anticipated facts (B) Recorded facts

(C) Estimated facts (D) None of these

84. कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे के सम्पति पक्ष में चालू सम्पति में शामिल होते हैं :–

(A) विविध देनदार (B) हाथ में रोकड़

(C) स्कंध (D) इनमें से सभी

Current Assets on the Assets side of Balance Sheet of a company include :-

(A) Sundry Debtors (B) Cash in hand

(C) Stock (D) All of these

85. कम्पनियों का आर्थिक चिट्ठा तैयार किया जाता है :–

(A) क्षैतिज प्रारूप में (B) लम्बवत प्रारूप में

(C) (A) या (B) (D) इनमें से कोई नहीं

Balance Sheet of companies is prepared in :-

(A) Horizontal form (B) Vertical form

(C) Either (A) or (B) (D) None of these

86. डूबत ऋण के कारण हानि को पुरा करने के लिये जो राशि रखी जाती है, उसे कहा जाता है :–



BiharboardQuestionpaper.com

(A) संचय (B) आयोजन

(C) दायित्व (D) इनमें से कोई नहीं

Amount set aside to meet losses due to bad debt is called :-

(A) Reserve (B) Provision

(C) Liability (D) None of these

87. सामान्य संचय को आर्थिक चिट्ठे में किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जायेगा ?

(A) विविध व्यय (B) अंश पूँजी

(C) संचय एवं आधिक्य (D) इनमें से कोई नहीं

Under which heading of Balance-Sheet is general reserve shown ?

(A) Miscellaneous Expenditure (B) Share Capital

(C) Reserves & Surplus (D) None of these

88. लम्बवत विश्लेषण को कहा जाता है :–

(A) अस्थिर विश्लेषण (B) स्थिर विश्लेषण

(C) क्षैतिज विश्लेषण (D) इसमें से कोई नहीं

Vertical Analysis also known as :-

(A) Fluctuation Analysis (B) Static Analysis

(C) Horizontal Analysis (D) None of these

89. वित्तीय विवरणों के विश्लेषणों में शामिल होता है :–

(A) व्यापारिक खाता (B) लाभ–हानि विवरण

(C) आर्थिक चिट्ठा (D) उपर्युक्त सभी

Analysis of financial statement includes :-

(A) Trading A/C (B) Profit & Loss Statement



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Balance Sheet (D) All of the above

90. वित्तीय विश्लेषण उपयोगी है :–

(A) विनियोग कर्त्ता के लिये (B) अंशधारियों के लिये

(C) ऋणपत्रधारियों के लिये (D) उपर्युक्त सभी

Financial Analysis is useful for :-

(A) Investors (B) Shareholders

(C) Debenture holders (D) All of the above

91. शीर्ष विश्लेषण जाना जाता है :–

(A) स्थैतिक विश्लेषण (B) गतिशील विश्लेषण

(C) संरचनात्मक विश्लेषण (D) इनमें में कोई नहीं

Vertical Analysis is also known as :-

(A) Static Analysis (B) Dynamic Analysis

(C) Structural Analysis (D) None of these

92. वित्तीय विवरणों के निर्वचन में शामिल होता है :–

(A) आलोचना एवं विश्लेषण (B) तुलना एवं प्रवृति अध्ययन

(C) निष्कर्ष निकालना (D) उपरोक्त सभी

Interpretation of Financial Statement includes :-

(A) Criticism & Analysis (B) Comparison and trend study

(C) Drawing Conclusion (D) All of the above

93. संचालन अनुपात है :–

(A) लाभदायकता अनुपात (B) क्रियाशीलता अनुपात

(C) शोधन क्षमता अनुपात (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Operating Ratio is :-

(A) Profitability Ratio (B) Activity Ratio

(C) Solvency Ratio (D) None of these

94. चालू अनुपात में शामिल है :–

(A) स्टॉक (B) देनदार

(C) रोकड़ (D) उपर्युक्त सभी

Current Ratio includes :-

(A) Stock (B) Debtors

(C) Cash (D) All the Above

95. लाभप्रदता अनुपात सामान्यतः प्रदर्शित किया जाता है :–

(A) साधारण अनुपात में (B) प्रतिशत में

(C) गुणा में (D) इनमें कोई नहीं

Profitability Ratio is generally shown in :-

(A) Simple Ratio (B) Percentage

(C) Times (D) None of these

96. स्थायी सम्पतियों में शामिल होता है :–

(A) रोकड़ (B) मशीनरी

(C) देनदार (D) पूर्वदत्त व्यय

The term fixed assets include :-

(A) Cash (B) Machinery

(C) Debtor (D) Prepaid expense

97. निम्न में से कौन–सा संचालन व्यय नहीं है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) विज्ञापन (B) कार की बिक्री पर हानि

(C) वेतन (D) वितरण व्यय

Which of the following is not operating expenses ?

(A) Advertisement (B) Loss on sale of car

(C) Salary (D) Distribution Expenses

98. निम्न में से कौन एक रोकड़ मद है ?

(A) नकद विक्रय (B) ख्याति का अपलेखन

(C) ह्रास (D) अप्राप्त ऋणों के लिये प्रावधान

Which one of the following is a cash item ?

(A) Cash Sale (B) Goodwill written off

(C) Depreciation (D) Provision for Bad-debt

99. निम्न में से कौन–सा रोकड़ अन्तर्वाह नहीं है ?

(A) स्थायी सम्पति का विक्रय (B) स्थायी सम्पति का क्रय

(C) ऋणपत्रों का निर्गमन (D) माल का नकद विक्रय

Which of the following is not a cash in flow ?

(A) Sale of fixed assets (B) Purchase of fixed assets

(C) Issue of debenture (D) Sale of goods for cash

100. निम्न में से कौन–सा रोकड़ समतुल्य है ?

(A) ट्रेजरी बिल (B) व्यापारिक बिल

(C) तरल अल्पकालीन निवेश (D) उपरोक्त सभी

Which of the following is considered as cash equivalent ?

(A) Treasury Bill (B) Trade Bill



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Liquid short term Investments (D) All of the above

## खण्ड–ब / Section-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (15x2=30)

Question no. 1 to 30 are Short answer type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. (15x2=30)

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा आय–व्यय खाते में कोई दो अन्तर बताये।

   State any two differences between Receipts and Payments Account and Income & Expenditure Account.

2. प्राप्ति एवं भुगतान खाते की दो विशेषतायें बतायें।

   State two features of Receipt and Payment Account.

3. साझेदारी की दो विशेषतायें बतायें।

   State two features of Partnership.

4. त्याग अनुपात क्या है ?

   What is Sacrificing Ratio ?

5. लाभ–हानि नियोजन खाता क्या है ?

   What is Profit & Loss Appropriation Account ?

6. दायित्व और आयोजन में क्या अन्तर है ?

   What is the difference between liabilities and provisions ?

7. तुलनात्मक वित्तीय विवरण तैयार करने के कोई दो उद्देश्य बतायें।



BiharboardQuestionpaper.com

State any two objectives of preparing Comparative Financial Statements.

8. लेखांकन मानक–3 क्या है ?

What is Accounting Standard - 3 ?

9. स्थायी पूँजी और परिवर्त्तनशील पूँजी में अन्तर बताइये।

Distinguish between Fixed Capital and Fluctuating capital.

10. सूचना द्वारा फर्म के विघटन से क्या आशय है ?

What is meant by dissolution of a firm by notice ?

11. संचयी पूर्वाधिकार अंश क्या है ?

What is Cumulative Preference Shares ?

12. स्वैट समता अंश का क्या अर्थ है ?

What is Sweat Equity Share ?

13. रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या आशय है ?

What is meant by Cash Flow Statement ?

14. किसी साझेदार का अवकाश ग्रहण करने पर सम्पत्तियो और दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है ?

Why assets and liabilities are revalued at the time of retirement of a partner ?

15. ख्याति क्या है ?

What is Goodwill ?

16. मृतक साझेदार को देय राशि के लिये क्या जर्नल प्रविष्टि की जायेगी ?



BiharboardQuestionpaper.com

What journal entry will be passed for the amount payable to deceased partner ?

17. रोकड़ समतुल्य से क्या आशय है ?

What is meant by cash equivalent ?

18. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की दो सीमाओं को बताइये।

State two limitations of analysis of financial statement.

19. परिवर्त्तनशील ऋणपत्र से क्या अभिप्राय है ?

What is meant by Convertible Debenture ?

20. स्वामित्व अनुपात क्या होता है ?

What is meant by Proprietary Ratio ?

21. कम्पनी की कोई दो विशेषताएँ बताइये।

State any two features of a company.

22. संचित हानि से आप क्या समझते है ?

What do you mean by Accumulated loss ?

23. लाभ–प्राप्ति अनुपात की गणना क्यों की जाती है ?

Why is Gaining Ratio calculated ?

24. कम्पनी द्वारा निर्गमित किये जाने वाले अंशों के प्रकार बताइये।

Name the types of Shares which a company can issue.

25. साझेदारी संलेख से क्या आशय है ?

What is meant by Partnership Deed ?

26. अधिलाभ क्या है ?

What is Super profit ?



BiharboardQuestionpaper.com

27. ख्याति की दो विशेषतायें बताइये।

State two features of goodwill.

28. वित्तीय विवरणों के दो तत्वों के नाम बताइये।

State the name of two elements of financial statement ?

29. वसूली खाता तथा पुनर्मूल्यांकन खाता में अन्तर बताइये।

Distinguish between Realisation Account and Revaluation Account.

30. चालू अनुपात तथा तरल अनुपात में अन्तर कीजिए।

Distinguish between current ratio and quick ratio.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (4x5=20)

Question no. 31 to 38 are Long answer type. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. (4x5=20)

31. एक नये साझेदार के प्रवेश के समय फर्म की पुस्तकों में जर्नल के कौन–से लेखें किये जाते है ?

What journal entries are passed in the books of the firm at the time of admission of a new partner ?

32. साझेदारी फर्म के विघटन पर हिसाब–किताब निपटाने के संबंध में कानूनी प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

Explain the legal privisions for settlement of books on dissolution of partnership firm.



BiharboardQuestionpaper.com

33. ऋणपत्रों के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

Describe various kinds of debentures.

34. वित्तीय विवरण क्या है ? इसकी सीमाओं का वर्णन कीजिए।

What is Financial Statement ? Explain its limitations.

35. ए0 बी0 लि0 ने 2,000 समता अंश रू0 10 प्रति अंश वाले का हरण किया, जिन पर रू0 10 प्रति अंश माँगा गया था। इन अंशों पर रू0 3 प्रति अंश द्वितीय माँग के बकाया थे। कम्पनी ने इन्हें रू0 9 प्रति अंश पूर्ण दत्त पर पुनः निर्गमित कर दियें। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ बनाइये।

A. B. Ltd. forfeited 2,000 equity shares of Rs. 10 cash on which 10 per share was called up. On these shares Rs. 3 per share were due on second call. The company re-issued them at Rs. 9 per share fully paid-up . Pass necessary journal entries.

36. एक फर्म का चालू अनुपात 2.5:1 है। इसका तरलता अनुपात 1.5:1 है। यदि चालू दायित्व रू0 60,000 हो तो चालू परिसम्पत्तियाँ एवं स्टॉक की राशि की गणना कीजिए।

A Firm's current ratio is 2.5:1. Its Liquid ratio is 1.5:1. If current Liabilities are Rs. 60,000 calculate the amount of current assets and stock.

37. निम्नलिखित विवरणों से परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए :–

| | 1–4–22 | 31–3–22 |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| लेनदार | 85000 | 70000 |



BiharboardQuestionpaper.com

| | | |
|---|---|---|
| देनदार | 140000 | 200000 |
| प्राप्त विपत्र | 15000 | 10000 |
| अल्पकालीन ऋण | 20000 | –– |
| डूबत ऋण का आयोजन | 7000 | 10000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 50000 | 40000 |

कम्पनी को वर्ष के दौरान रू0 35,000 का लाभ हुआ।

Compute cash flow from operating activities from the following details :-

| | 1–4–22 | 31–3–22 |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| Creditors | 85000 | 70000 |
| Debitors | 140000 | 200000 |
| Bills Receivables | 15000 | 10000 |
| Short-term loan | 20000 | –– |
| Provision for bad debts | 7000 | 10000 |
| Bank Overdraft | 50000 | 40000 |

The company earned a profit of Rs. 35,000 during the year.

38. निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये आय–व्यय खाता बनाइये :–

| | Rs. |
|---|---|
| शुल्क संग्रह किया | 3,00,000 |
| वेतन दिया | 2,00,000 |



BiharboardQuestionpaper.com

| | |
|---|---|
| टुर्नामेण्ट ब्यय | 16,000 |
| यात्रा ब्यय | 17,000 |
| लेखन सामग्री ब्यय | 12,000 |
| डाक ब्यय | 8,000 |
| पुस्तकों का क्रय | 18,000 |
| किराया दिया | 10,000 |

From the following information prepare the Income and Expenditure Account for the year ending 31st March 2023

| | Rs. |
|---|---|
| Fees Collected | 3,00,000 |
| Salary Paid | 2,00,000 |
| Tournament Expense | 16,000 |
| Travelling Expense | 17,000 |
| Stationary Expense | 12,000 |
| Postage Expense | 8,000 |
| Purchase of Books | 18,000 |
| Rent Paid | 10,000 |

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..